एक नवरत्न कंपनी

# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXVI

संस्करण : अप्रैल - जून 2025









/NHPCIndiaLimited @nhpcltd /nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

www.nhpcindia.com

# अनुक्रमणिका


- **निगम मुख्यालय**
  - एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी गई
  - एनएचपीसी राजभाषा पुस्तकालय द्वारा हिन्दी पुस्तक पठन सप्ताह का आयोजन
  - एनएचपीसी ने जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में पावर सेक्टर में उत्कृष्टता का सम्मान प्राप्त किया
  - नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के सीएम का निगम मुख्यालय का दौरा
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
  - विश्व पर्यावरण दिवस, 2025 का आयोजन
  - पार्वती परियोजना का वाणिज्यिक संचालन
- **क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू**
  - एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन
- **सलाल पावर स्टेशन**
  - अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
- **निम्मो–बजगो पावर स्टेशन**
  - निम्मो–बाजगो पावर स्टेशन में मैत्री कप का आयोजन
- **चुटक पावर स्टेशन**
  - चुटक पावर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
  - चुटक पावर स्टेशन मे सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन
  - कार्यपालक निदेशक महोदय, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू– का चुटक पावर स्टेशन का दौरा
- **क्षेत्रीय कार्यालय, बानीखेत**
  - क्षे. का. बानीखेत मे अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
  - श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) का क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का दौरा
  - एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत को सीएसआर–एसडी योजना 2024–25 के तहत फर्नीचर प्रदान किया गया
- **सेवा-II पावर स्टेशन**
  - अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
- **बैरास्यूल पावर स्टेशन**
  - अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्कूली बच्चों का पावर स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
- **चमेरा पावर स्टेशन–I**
  - अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
  - आपदा से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन
- **क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ**
- **पार्बती–II**
  - अंबेडकर जयंती का आयोजन
  - स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन
  - विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन
- **टनकपुर पावर स्टेशन**
  - टनकपुर पावर स्टेशन में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन
  - टनकपुर पावर स्टेशन में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन
  - टनकपुर पावर स्टेशन में डा. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, प्रमुख सचिव, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, आवास, नियोजन का टनकपुर दौरा।
  - चूका गाँव, टनकपुर, जिला–चम्पावत में माता पूर्णागिरी मंदिर के यात्रियों के लिए यात्री भवन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ
- **क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी**
  - क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा
- **क्षेत्रीय कार्यालय, इटानगर**
  - दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना
  - स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन
- **सुबनसिरी लोअर परियोजन**
  - निदेशक (कार्मिक) का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा

# निगम मुख्यालय

## एनएचपीसी निगम मुख्यालय में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती का आयोजन




एनएचपीसी ने 15 अप्रैल 2025 को अपने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी), एनएचपीसी और एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ और एनएचपीसी ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यकारी सदस्य भी उपस्थित थे।

श्री आर.के. चौधरी ने अपने संबोधन में, डॉ. अंबेडकर के योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को एक महान समाज सुधारक और संविधान निर्माता के रूप में सम्मानित किया। श्री आर.पी. गोयल ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी सिद्धांत आज भी समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने में प्रासंगिक हैं। श्री उत्तम लाल ने डॉ. अंबेडकर की जरूरतमंदों के उत्थान में विश्वास को रेखांकित किया और एनएचपीसी की सीएसआर नीतियों में उनकी दूरदृष्टि को दर्शाया। श्री संजय कुमार सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान के निर्माता और लोकतंत्र के सच्चे मॉडल के रूप में सराहा।

इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित सभी कर्मचारियों ने सराहा। कार्यक्रम के माध्यम से एनएचपीसी ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को सम्मानित किया और उनके योगदानों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## एनएचपीसी राजभाषा पुस्तकालय द्वारा हिन्दी पुस्तक पठन सप्ताह का आयोजन

राजभाषा पुस्तकालय, निगम मुख्यालय में हिन्दी भाषा में विभिन्न विषयों पर उत्कृष्ट एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध हैं। कार्मिकों को इन पुस्तकों से परिचित करवाने एवं हिन्दी साहित्य के प्रति रुचि तथा जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राजभाषा पुस्तकालय द्वारा निगम मुख्यालय में प्रति वर्ष हिंदी पुस्तक पठन सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी दिनांक 05 से 09 मई 2025 तक 'हिंदी पुस्तक पठन सप्ताह' का आयोजन किया गया। 'हिंदी पुस्तक पठन सप्ताह' के अंतर्गत राजभाषा पुस्तकालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 09 मई 2025 को नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा निगम मुख्यालय के ज्योति सदन परिसर में अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आर के चौधरी द्वारा निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा कार्मिकों में हिंदी साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए राजभाषा पुस्तकालय द्वारा किए गए इस प्रयास की प्रशंसा की गई।

दिनांक 05 मई 2025 को इस पुस्तक पठन सप्ताह का शुभारंभ निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल द्वारा किया गया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने प्रदर्शित पुस्तकों में अपनी विशेष दिलचस्पी दिखाई तथा राजभाषा पुस्तकालय द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। दिनांक 06 मई 2025 को राजभाषा पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकारों श्रीलाल शुक्ल एवं धर्मवीर भारती की पुस्तकों का प्रदर्शन उनकी जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया। दिनांक 07 मई 2025 को राजभाषा पुस्तकालय में हिंदी के युवा लेखकों की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया, जिसे कार्मिकों द्वारा अत्यधिक पसंद किया गया। दिनांक 08 मई 2025 को राजभाषा पुस्तकालय में कार्मिकों हेतु 'किस्सागोई' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्मिकों द्वारा लघु कथा वाचन किया गया। पुस्तक पठन सप्ताह के दौरान कार्मिकों ने बड़ी संख्या में राजभाषा पुस्तकालय में उपस्थित होकर प्रदर्शित पुस्तकों में गहरी रुचि दिखाई तथा राजभाषा पुस्तकालय में श्रेष्ठ हिन्दी साहित्य उपलब्ध होने की सराहना की गई।



## एनएचपीसी ने जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में पावर सेक्टर में उत्कृष्टता का सम्मान प्राप्त किया




एनएचपीसी को 23 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 'ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2025' में प्रतिष्ठित 'जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस कंपनी ऑफ द ईयर 2025 इन पावर सेक्टर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी की भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी को 23 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 'ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2025' में प्रतिष्ठित 'जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस कंपनी ऑफ द ईयर 2025 इन पावर सेक्टर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी की पर्यावरणीय स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक (ईडीएम) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

श्री आर.के. चौधरी ने इस उपलब्धि को एनएचपीसी परिवार की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने कंपनी की पर्यावरणीय पहलों, जैसे पंप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सौर ऊर्जा परियोजनाएँ और हरित हाइड्रोजन पहल, के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया।

एनएचपीसी की यह उपलब्धि न केवल कंपनी की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा क्षेत्र में स्वच्छ और स्थायी भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक भी है।

## नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद का दौरा किया

नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के माननीय मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 1 मई 2025 को एनएचपीसी के निगम मुख्यालय, फरीदाबाद का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में नेपाल सरकार के विभिन्न मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, माननीय मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह ने भारत और नेपाल के बीच नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा, सतत विकास और क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग की नई ऊँचाइयाँ स्थापित होंगी।

एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी ने नेपाल के साथ ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि एनएचपीसी नेपाल को न केवल एक पड़ोसी देश के रूप में, बल्कि स्वच्छ और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखती है। उन्होंने बताया कि एनएचपीसी द्वारा नेपाल में 800 मेगावाट पश्चिम सेती और 460 मेगावाट एसआर–6 जलविद्युत परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल को एनएचपीसी के विभिन्न प्रौद्योगिकीय केंद्रों का भ्रमण कराया गया, जिसमें 'एलिवेटेड मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम', 'रियल टाइम जनरेशन मॉनिटरिंग सेंटर' और 'हाइड्रो एक्सपीरियंस सेंटर' शामिल थे। इन केंद्रों में एनएचपीसी की प्रौद्योगिकीय क्षमताओं और जलविद्युत परियोजनाओं के संचालन की प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरे से भारत और नेपाल के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जो दोनों देशों के बीच मित्रता और साझेदारी को और प्रगाढ़ करेगा। इस दौरान नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के माननीय मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह, और श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण इस मौके पर मौजूद रहे।



## एनएचपीसी मुख्यालय फरीदाबाद मे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित किए गए, विशेष कार्यक्रम




एनएचपीसी ने 30 मई 2025 को अपनी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' का आयोजन किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल, निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय, फरीदाबाद की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। इस नाटक ने उपस्थित सभी को स्वच्छता के महत्व और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान एनएचपीसी ने अपने सभी कार्यालयों, परियोजनाओं और पावर स्टेशनों पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की, जिनमें वृक्षारोपण, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, नाटक प्रस्तुतियाँ, सफाई उपकरण वितरण, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएँ आदि शामिल हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था।

एनएचपीसी की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में स्वच्छता और हरित पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सहायक है।

## एनएचपीसी द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस 2025' के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन।

एनएचपीसी ने 5 जून 2025 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर अपने निगम मुख्यालय के साथ–साथ क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

फरीदाबाद स्थित एनएचपीसी आवासीय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (वित्त), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (कार्मिक), श्री उत्तम लाल, निदेशक (परियोजनाएं), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी), श्री सुप्रकाश अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने फलदार वृक्षों के पौधे लगाए।

समारोह के दौरान, श्री आर.के. चौधरी ने सभी निदेशकों के साथ मिलकर एनएचपीसी की स्थिरता रिपोर्ट और पर्यावरण नीतियों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी का उद्देश्य नवाचार और अनुभव–आधारित प्रथाओं का पालन करते हुए सतत विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ नवशक्ति पर मान्यता प्राप्त संगठन के रूप में उभरना है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एनएचपीसी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत है।

इस पहल के माध्यम से एनएचपीसी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है और आगामी पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कार्यक्रम एनएचपीसी के पर्यावरणीय दायित्वों और सतत विकास की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है।



# स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ



# ८०० मेगावाट की पार्वती-II जलविद्युत परियोजना का वाणिज्यिक संचालन



एनएचपीसी ने पार्बती परियोजना चरण-II की अंतिम और चौथी यूनिट का वाणिज्यिक प्रचालन सफलता पूर्वक दिनांक 16–04–2025 को 00:00 बजे पूरा कर लिया है। इससे पूर्व दिनांक 01–04–2025 को परियोजना की तीन यूनिटो का सफलता पूर्वक वाणिज्यिक प्रचालन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही एनएचपीसी ने देश की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है।

पार्बती-II जलविद्युत परियोजना, जिसकी कुल संस्थापित क्षमता 800 मेगावाट (4 X 200 मेगावाट) है, यह एक 'रन ऑफ द रिवर' परियोजना है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पार्बती नदी पर छोटे पॉण्डेज का निर्माण किया गया है। मणिकरण घाटी में पुलगा गांव के निकट 83.7 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध बनाकर पार्बती नदी की धारा को मोड़कर तथा पानी को 31.56 किलोमीटर लंबी हेड रेस सुरंग के माध्यम से सैंज घाटी तक ले जाया जा रहा है, जहां सिउंड गांव में पावर हाउस का निर्माण किया गया है। पुलगा और सिउंड के बीच 863 मीटर की कुल ऊंचाई का उपयोग 800 मेगावाट विद्युत उत्पादन के लिए किया जा रहा है। हेड रेस सुरंग के साथ आने वाले, पांच नालों के पानी के मिलने से पार्बती के जल प्रवाह में और अधिक वृद्धि हुई है। पावर हाउस में 200 मेगावाट की 4 पेल्टन टर्बाइनें लगाई गई हैं। परियोजना की 31.56 किलोमीटर लंबी एचआरटी भारत की सबसे लंबी जलविद्युत सुरंग है। दो इन्कलाइन्ड प्रेशर शाफ्ट, जो प्रत्येक 1545.5 मीटर लंबी है, यह टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) से खोदी गई दुनिया की सबसे लंबी इन्कलाइन्ड प्रेशर शाफ्ट सुरंगें हैं।

हिमाचल प्रदेश राज्य को इस परियोजना से 12% निःशुल्क ऊर्जा मिलेगी और 1% अतिरिक्त निःशुल्क ऊर्जा का उपयोग स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए किया जाएगा।

परियोजना की आधारशिला तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 12 दिसंबर 1999 को रखी गई थी। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 11.09.2002 को 3919.59 करोड़ रुपये की परियोजना लागत को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण सितंबर 2002 में शुरू हुआ था। निर्माण के दौरान परियोजना को कई चुनौतियों जैसे बादल फटना, अचानक बाढ़, बैक–स्लोप विफलता, भारी डिस्चार्ज के साथ सिल्ट और शियर जोन आदि का सामना करना पड़ा है। परियोजना की अनुमानित पूर्णता लागत 13,045 करोड़ रुपए है। परियोजना की डिज़ाइन ऊर्जा 3074 मिलियन यूनिट (एमयू) है। इस परियोजना के चालू होने से 520 मेगावाट क्षमता के पार्बती-III पावर स्टेशन की उत्पादन क्षमता भी 1262 मिलियन यूनिट प्रति वर्ष बढ़ जाएगी।

परियोजना क्षेत्र में, एनएचपीसी ने 15 पुलों तथा लगभग 88 किलोमीटर सड़क–मार्ग का निर्माण किया है तथा स्थानीय क्षेत्र विकास के लिए 112 करोड़ रुपए वितरित किए हैं। एनएचपीसी ने सीएसआर के अंतर्गत कुल 27.83 करोड़ रुपए का व्यय किया है और इस योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, सामाजिक एवं सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां पूर्ण की हैं। परियोजना प्रभावित 20 लोगों को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके अतिरिक्त, 349 व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराया है, जिनमें से 98% स्थानीय क्षेत्र से हैं। इसके अतिरिक्त, परियोजना के निर्माण के दौरान 1361 व्यक्तियों को परियोजना में रोजगार मिला है, जिनमें से 1171 हिमाचल के स्थानीय निवासी थे। 370 परियोजना प्रभावित परिवारों(पीएएफ) को आजीविका सहायता प्रदान की जा रही है। परियोजना प्रभावित परिवारों से 58 वाहन किराए पर लिए गए हैं। स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए सैंज में केन्द्रीय विद्यालय चलाया जा रहा है, जिसके संचालन पर प्रति वर्ष 04 करोड़ रूपए से अधिक व्यय हो रहा है। केन्द्रीय विद्यालय के कुल 422 छात्रों में से 411 छात्र स्थानीय क्षेत्र से हैं। कुल्लू में क्षेत्रीय अस्पताल भवन के विस्तार संबंधी निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई है।

एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। यह भारत का सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की अवधारणा से लेकर कमीशनिग तक सभी गतिविधियों को निष्पादित करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर एवं पवन ऊर्जा आदि के विकास क्षेत्र में भी विविध प्रसार किया है। इस परियोजना के निर्माण के पश्चात कंपनी की कुल संस्थापित क्षमता 8140.04 मेगावाट (संयुक्त उद्यम में 1681.7 मेगावाट सहित) है, जिसमें 23 जलविद्युत पावर स्टेशनों से 7771.20 मेगावाट, छह सौर ऊर्जा और एक पवन ऊर्जा परियोजनाओं से 368.84 मेगावाट शामिल है। इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी के पास 9896.86 मेगावाट निर्माणाधीन परियोजनाओं का पोर्टफोलियो है, जिसमें 8514 मेगावाट की आठ जलविद्युत परियोजनाएं (संयुक्त उद्यम में पांच 3134 मेगावाट सहित) और 1382.86 मेगावाट की सात सौर परियोजनाएं शामिल हैं।

एनएचपीसी एक हरित ऊर्जा कंपनी है जो केवल नवीकरणीय संसाधनों से विद्युत उत्पादन करती है। प्रतिष्ठित पार्बती-II परियोजना का कमीशन होना एनएचपीसी के लिए स्वर्ण जयंती वर्ष में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू मे दिनांक 16.05.2025 से 31.05.2025 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन उल्लासपूर्वक किया गया। इस दौरान कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू मे श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय के नेतृत्व मे सभी कार्मिकों द्वारा दिनांक 16.05.2025 को कार्यालय परिसर के प्रांगण मे स्वच्छता शपथ लेकर "स्वच्छता पखावाड़ा" की शुरुआत की गई। इस अवसर पर श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने संदेश मे कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि अपने आपको स्वच्छ रखते हुए अपने परिवेश को भी स्वच्छ बनाए रखने मे अपना योगदान करें। व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए एक सभ्य नागरिक बने और दूसरों को प्रेरित करें। स्वच्छ और साफ सुथरा शरीर, घर, कॉलोनी, गाँव, शहर, राज्य और देश आज वक्त की माँग और स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होनें सभी से स्वच्छता के इस मिशन मे निःस्वार्थ भाव से योगदान देने को कहा।




स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान कार्यालय परिसर, गेस्ट हाउस, ओटीसी और सार्वजानिक स्थलों पर कार्मिको द्वारा साफ–सफाई का आयोजन किया गया। श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा विभिन्न संविदा के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों को पर्सनल हाइजीन किट भी प्रदान किए गए। इस क्रम मे डा. कर्मवीर हंस, सीनियर डीसीएमओ द्वारा संविदा कर्मियों और स्कूली बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे मे बताया गया। स्कूली बच्चों के बीच स्वच्छता सामग्री भी वितरित किया गया। स्कूली बच्चों के लिए "स्वच्छता और सफाई" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने चित्र के माध्यम से स्वच्छता मिशन के महत्व को समझाया। स्कूलों मे कूड़ेदान का वितरण किया गया। स्वच्छता जागरूकता मार्च का भी आयोजन किया गया जिसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कपड़े का थैला भी बांटा गया। कार्मिकों द्वारा पुरानी फाइलों की भी समीक्षा की गई उसे विभिन्न वर्गो मे वर्गीकृत किया गया। सभी कार्मिको, विभिन्न संविदा के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने एक स्वर से स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्य को अपने जीवन मे लागू करने का प्रण लिया।

# सलाल पावर स्टेशन

## 134वीं अंबेडकर जयंती का आयोजन

भारतरत्न बाबा साहब डॉ॰ भीम राव अंबेडकर जी के 134 वां जन्म जयंती सलाल पावर स्टेशन,ज्योतिपुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीपप्रज्वलन कर उन्हें नमन करते हुए पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) ने मालार्पण कर पुष्पांजली



अर्पित किया। श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ई एंड सी), श्रीमती पूनम झा, महाप्रबंधक (विद्युत) ,सभी वरिष्ठ अधिकारियों व अन्य कार्मिकों द्वारा भी "बाबासाहेब" को नमन करते हुये पुष्पांजली दिया गया।

पावर स्टेशन प्रमुख ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अपने संबोधन में बाबासाहेब को युगपुरुष बताते हुये उनके दूरदर्शिता व सिद्धांतों को पूरे मानव समाज के लिए हितकारी बताते हुए, उनको शत शत नमन किया। उन्होनें कहा कि भारत के संविधान रचियता के रूप में बाबा साहेब ने पूरे विश्व में भारत को एक अलग पहचान देने में जो अपना अमूल्य योगदान दिया है, इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा।

इस अवसर पर बाबासाहेब के सिद्धांतों और विचारों पर चर्चा की गयी साथ ही उक्त अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विशेष वक्ताओं के रूप में श्री रंजीत सिरसठ, व प्रबंधक (विद्युत), श्री डी नागदवे, प्रबंधक (सांख्यिकी), श्री नैयर सहनवाज, उप प्रबंधक (यांत्रिक), श्री संजीव कुमार, प्रबंधक (सिविल), सतर्कता अधिकारी सलाल पावर स्टेशन व श्री शिव कुमार राम, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) ने सभी उपस्थित जनों को बाबासाहेब के योगदान और उनके जीवनी के बारे में अवगत करवाया। सभी प्रतिभागियों को पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

एनएचपीसी लिमिटेड, सलाल पावर स्टेशन में दिनांक 16 से 31 मई 2025 की अवधि के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान निम्नानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

- **16.05.2025:** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, महोदय, द्वारा कार्मिकों को शपथ दिलवाकर किया गया। स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान श्री जितेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहे।
- **19.05.2025:** पावर स्टेशन में कॉरिडोर और सीढ़ी सहित वर्क स्टेशन/केबिन/कमरों और कार्यालय परिसर की सघन सफाई की गई।
- **20.05.2025:** पावर स्टेशन के अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम के द्वारा गवर्नमेंट हाई स्कूल, माड़ी में 'स्वच्छता और हमारा जीवन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। पावर स्टेशन के समूह वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धीरज शर्मा ने स्कूल के छात्र– छात्राओं को विस्तृत रूप से स्वच्छता और इसके हमारे जीवन में महत्व के उपर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्रीमती इंद्रप्रीत कौर, समूह वरिष्ठ प्रबधक (एचआर), अन्य वरिष्ठ



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



एनएचपीसी लिमिटेड, सलाल पावर स्टेशन में दिनांक 16 से 31 मई 2025 की अवधि के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान निम्नानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

- **16.05.2025:** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, महोदय, द्वारा कार्मिकों को शपथ दिलवाकर किया गया। स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान श्री जितेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहे।
- **19.05.2025:** पावर स्टेशन में कॉरिडोर और सीढ़ी सहित वर्क स्टेशन/केबिन/कमरों और कार्यालय परिसर की सघन सफाई की गई।
- **20.05.2025:** पावर स्टेशन के अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम के द्वारा गवर्नमेंट हाई स्कूल, माड़ी में 'स्वच्छता और हमारा जीवन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। पावर स्टेशन के समूह वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धीरज शर्मा ने स्कूल के छात्र– छात्राओं को विस्तृत रूप से स्वच्छता और इसके हमारे जीवन में महत्व के उपर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्रीमती इंद्रप्रीत कौर, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।
- **21.05.2025:** कारसेवा के अंतर्गत बिड्डा बाबा रियासी में स्वच्छता अभियान चलाया गया व लोगों को स्वच्छता संबंधित जानकारी हेतु रैली का भी आयोजन




किया गया। श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी) महोदय के नेतृत्व में पावर स्टेशन में पदस्थ कार्मिकों द्वारा साफ सफाई की गई।
- **22.05.2025:** पावर स्टेशन के आवासीय परिसर में मार्केट एरिया व व्यू पॉइंट का गहन स्वच्छता व रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्री सत्यवान तथा महाप्रबंधक (विद्युत), श्रीमती पूनम झा , उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री संजीव कुमार के साथ कार्मिकों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।
- **23.05.2025:** भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल, रियासी में एनएचपीसी द्वारा 'Hygiene & Sanitation' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 5 से 8 तथा 9 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों नें दो श्रेणियों के अंतर्गत उक्त प्रतियोगिता में भागीदारी की। तथा पवार स्टेशन के अधिकारियों श्रीमती इंद्रप्रीत कौर, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) व श्री कुलदीप शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा व्याख्यान भी दिया गया कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण तथा एनएचपीसी के अधिकारीगण उपस्थित थे।
- **26.05.2025:** पावर स्टेशन के जोरावार अस्पताल में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हे स्वच्छता किट वितरित की गई।
- 27.05.2025: स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत पुराने फाइलों व डिस्पोजल्स को अलग अलग विभागों द्वारा रेकॉर्ड ऑफिसर श्रीमती इंद्रप्रीत कौर, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) के निगरानी मे वीड आउट किया गया ।
- **28.05.2025:** भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल, रियासी में एनएचपीसी द्वारा 'Hygiene & Sanitation' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों नें दो श्रेणियों के अंतर्गत उक्त प्रतियोगिता में भागीदारी की। कार्यक्रम में एनएचपीसी की ओर से महाप्रबंधक, श्री सत्यावान, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण तथा एनएचपीसी के अधिकारीगण उपस्थित थे।
- **29.05.2025:** भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल, रियासी के छात्र–छात्राओं के द्वारा प्लास्टिक कचरा उन्मूलन विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया । नुक्कड़ नाटक के अलावा पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त पावर स्टेशन के पास गाँव में डस्टबिन का वितरण किया गया और लोगों को स्वच्छता संबंधित जानकारी दी गई।इस अवसर पर महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्री सत्यवान तथा महाप्रबंधक (विद्युत), श्रीमती पूनम झा , उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन ),श्री संजीव कुमार के साथ–साथ पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।
- **30.05.2025:** पावर स्टेशन के आवासीय परिसर, फल वाटिका में लगभग 50 पौधो का पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्री सत्यवान तथा महाप्रबंधक (विद्युत), श्रीमती पूनम झा, उपमहाप्रबंधक (प्रापण एवं संविदा), श्री संजीव कुमार के साथ–साथ पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।



# निम्मो-बाजगो पावर स्टेशन

## मैत्री कप का आयोजन

निम्मो–बाजगो पावर स्टेशन में मैत्री कप का आयोजन दिनांक 17 मई को किया गया। इस कार्यक्रम में निम्मो–बाजगो पावर स्टेशन एवं चुटक पावर स्टेशन के बीच में में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में निम्मो–बाजगो पावर स्टेशन ने जीत हासिल की। इस कार्यक्रम में पावर स्टेशन प्रमुख महाप्रबंधक महोदय, समूह वरिष्ठ प्रबन्धक (मा. सं.), चुटक पावर स्टेशन एवं अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।



# चुटक पावर स्टेशन

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

चुटक पावर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़ा का दिनांक 16 मई से 31 मई तक आयोजन किया गया। इस दौरान पावर हाउस में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। पावर हाउस के विभिन्न कार्यलयों की एवं टाउनशिप की सफाई की गयी। पखवाड़े की शुरुवात स्वच्छता की शपथ ग्रहण करते हुये की गयी। इस पखवाड़े में महाप्रबंधक (सिविल), समूह वरिष्ठ प्रबन्धक (मा. सं.), वरिष्ठ प्रबन्धक (तकनीकि) एवं अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।



## चुटक पावर स्टेशन में सुरक्षा समीक्षा बैठक

चुटक पावर स्टेशन, कारगिल में दिनांक 07 जून 2025 को श्री पीयूष फुलजेले, पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा विंग, लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश) की अध्यक्षता में सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में पावर स्टेशन से संबंधित सुरक्षा कार्यो का जायजा लिया गया एवं पावर स्टेशन के विभिन्न स्थलों का निरक्षण किया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा विंग द्वारा सुरक्षा संबंधी विभिन्न दिशा निर्देश दिये गए। इस बैठक में महाप्रबंधक (सिविल) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कारगिल जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## कार्यपालक निदेशक महोदय (क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू) का चूटक पावर स्टेशन का दौरा

आदरणीय श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक–क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा दिनांक 07 जून 2025 को चुटक पावर स्टेशन का दौरा किया गया।

कार्यपालक निदेशक के आगमन पर महाप्रबंधक (सिविल) के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और आईआरबीएन, लद्दाख पुलिस के जवानों के द्वारा उनको गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

गेस्ट हाउस प्रांगण में कार्यपालक निदेशक महोदय ने चुटक पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से परियोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये। इस दौरान स. वरि. प्रबन्धक (मा. सं.) ने उनकी मुलाक़ात नए प्रशिक्षु अभियंताओ से भी करवायी। इसके बाद उन्होंनें वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पावर हाउस एवं बैराज का भ्रमण किया।



# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक (निदेशक), डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों नें भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों व संघर्षों को याद किया तथा कहा कि हम प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को भारतीय समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक के रूप में अंबेडकर जयंती मनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे जिन्होंने भारतीय समाज में कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन चलाए और भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई तथा हमें सोचने का नया नजरिया दिया। कार्यपालक निदेशक महोदय नें युवाओं को डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, आत्मसम्मान और देश सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाने हेतु आग्रह किया। इसी क्रम में दिनांक 17.04.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों के लिए "भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया जिसमे कार्मिकों नें निबंध लेखन के माध्यम से भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम तथा भारतीय संविधान के निर्माण के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए।

## श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) का क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का दौरा

श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी लिमिटेड ने दिनांक 04 अप्रैल, 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत का दौरा किया । क्षेत्रीय कार्यालय आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) का श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने पौधा, पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी भेंट कर स्वागत किया। श्रीमती गायत्री गोयल का श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा पौधा व पारंपरिक हिमाचली शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में तैनात हिमपेसको के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) व श्रीमती गायत्री गोयल तथा श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक तथा श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्यालय परिसर मे पौधारोपण किया।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के दौरे के दौरान निदेशक (वित्त) ने क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के समस्त कर्मचारियों की राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की। बनीखेत क्षेत्र के दौरे के दौरान श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) ने दिनांक 04.04.2025 को योग मानव विकास ट्रस्ट, बनीखेत में वर्ष 2024–25 के दौरान एनएचपीसी द्वारा सीएसआर और एसडी योजना के तहत योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत को प्रायोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार सामग्री (ब्यूटी किट) वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर सर्वप्रथम योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा तथा ट्रस्ट की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) व श्रीमती गायत्री गोयल तथा श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक तथा श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल का पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी भेंट कर स्वागत किया। समारोह के दौरान श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) ने योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा तथा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा की उपस्थिति में वर्ष 2024–25 के दौरान योग मानव विकास ट्रस्ट से एनएचपीसी द्वारा सीएसआर–एसडी के अंतर्गत प्रायोजित ब्युटि कल्चर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तीर्ण हो चुकी 36 स्थानीय लड़कियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार सामग्री (ब्यूटी किट) वितरित की।



योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा तथा श्रीमती किरण डोडेजा ने अपने सम्बोधन में निदेशक (वित्त) का अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकाल कर कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया तथा उपस्थित जनसमूह को ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जनकल्याण कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। श्री एस.के. डोडेजा तथा श्रीमती किरण डोडेजा ने उक्त जनकल्याण कार्य के निरंतर योगदान हेतु एनएचपीसी लिमिटेड का धन्यवाद किया। इसके उपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड विद्युत उत्पादन के साथ साथ परियोजना क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए भी तत्पर रहता है तथा स्थानीय विकास हेतु सीएसआर व एसडी योजना के तहत हर वर्ष विभिन्न विकासात्मक कार्य करवाता रहता है। उन्होने भविष्य में भी स्थानीय विकास हेतु तत्पर रहने की एनएचपीसी लिमिटेड की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के अंत में श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) ने उपस्थित प्रशिक्षुओं व जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के पिछड़े व दुर्गम चंबा जिले में एनएचपीसी लिमिटेड के विभिन्न प्रोजेक्ट बनने से यहाँ के सर्वांगीण विकास को गति मिली है तथा एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर व एसडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों को क्रियान्वित करके स्थानीय विकास की प्रक्रिया


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

को गति दी जा रही है तथा भविष्य में भी एनएचपीसी लिमिटेड स्थानीय विकास हेतु योगदान के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक (वित्त) ने आशा जताई कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रदान की गई सामग्री से लड़कियों व महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने में काफी मदद मिलेगी तथा वे आर्थिक रूप से अपने परिवार की मदद करने मे सक्षम होंगी । उन्होने यह भी कहा कि भविष्य में एनएचपीसी लिमिटेड इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाता रहेगा जिससे यहाँ के गरीब व पिछड़े लोगो को स्वरोजगार में मदद मिल सकेगी।

आगे उन्होने कहा कि योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा (भूतपूर्व निदेशक (परियोजनाएं) एनएचपीसी लिमिटेड) के पूर्व में एनएचपीसी लिमिटेड में परियोजनाओं के निर्माण में योगदान तथा वर्तमान में योग मानव विकास ट्रस्ट के माध्यम से चंबा जिले के विकास में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। निदेशक (वित्त) ने योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा का भी कार्यक्रम के दौरान उक्त जनकल्याण के कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। सम्बोधन के अंत में आदरणीय निदेशक (वित्त) ने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त समारोह में श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) के साथ श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा, ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री उमेश कुमार नन्द, परियोजना प्रभारी, चमेरा–II पावर स्टेशन, श्री राजिल व्यास, परियोजना प्रभारी, चमेरा–III पावर स्टेशन, श्री आदित्य गौतम, परियोजना प्रभारी, चमेरा पावर स्टेशन–I, श्री मदन लाल, परियोजना प्रभारी, सेवा–II पावर स्टेशन, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के वरिष्ठ अधिकारी, एनएचपीसी के सेवानिवृत कार्मिक, बनीखेत व डलहौज़ी क्षेत्र से गणमान्य व विशिष्ट व्यक्ति तथा अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा-2025 (16 से 31 मई) का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत (16 से 31 मई 2025) तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा–2025 की शुरुआत में दिनांक 16.05.2025 को श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें कार्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों तथा प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय नें सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संविदा कार्मिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता की शुरुआत स्वयं, अपने घर व अपने कार्यस्थल से करनी चाहिए तथा हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने गाँव/शहर तथा आसपास भी लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करना चाहिए । दिनांक 16.05.2025 को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में जागरूकता बैनर भी प्रदर्शित किए गए।



स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत दिनांक 17.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के पास स्थित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बनीखेत में स्कूली बच्चों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में तैनात डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बनीखेत स्कूल के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। व्याख्यान के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों को हाथों को उचित तरीके से धोने की प्रक्रिया, दांतों को ब्रश करने की उचित प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में अवगत करवाया गया ताकि वे विभिन्न बीमारियों से अपना बचाव कर सकें।



स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत दिनांक 19.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी कार्यस्थलों, केबिन तथा कमरों की सफाई हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी विभागों के कार्मिकों नें अपने अपने कार्यस्थलों/केबिन व कमरों की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत दिनांक 20.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा चिन्हित 'स्वच्छता लक्षित इकाई (CTU) ईको पार्क पद्धर, बनीखेत की साफ सफाई व कूड़े के निपटान हेतु श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की अगुवाई में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी कार्मिकों नें स्वच्छता अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संविदा कार्मिकों नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के पास स्थित ईको पार्क पद्धर, बनीखेत की साफ सफाई की तथा एकत्रित कूड़े का उचित निपटान किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत दिनांक 21. 05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के आवासीय कॉलोनी परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के

आवासीय परिसर में साफ–सफाई की गई तथा सफाई के दौरान एकत्रित कूड़े का उचित तरीके से निपटान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत दिनांक 22.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत में विद्यार्थियों के लिए "स्वच्छता व सफाई" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों नें चित्रकला के माध्यम से दैनिक जीवन में "स्वच्छता व सफाई" के महत्व को दर्शाया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत दिनांक 23.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों की सामान्य चिकित्सा जांच व व्यक्तिगत स्वच्छता किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत 25 संविदा सफाई कर्मचारियों को डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) द्वारा समान्य चिकित्सा जांच की गई तथा सफाई कर्मियों को निशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गई। चिकित्सा जांच के उपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की उपस्थिती में संविदा सफाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता किटस भी प्रदान की । चिकित्सा जांच के दौरान सभी संविदा सफाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रेणी में दिनांक 24.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों के सहयोग से स्थानीय लोगों के बीच एकल उपयोग पॉलिथीन बैग की रोकथाम पर जागरूकता फैलाने हेतु बस स्टैंड, बनीखेत में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकल उपयोग पॉलिथीन बैग के उपयोग से हमारे दैनिक जीवन के साथ–साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में बनीखेत की स्थानीय जनता को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान स्थानीय लोगों के साथ साथ स्थानीय दूकानदारों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इस तरह के प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल जूट अथवा कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नुक्कड़ नाटक के अंत में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों तथा स्थानीय लोगों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग ना करने तथा अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक के मंचन के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारी, कर्मचारी, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के विद्यार्थी तथा शिक्षक मौजूद थे।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में दिनांक 26.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यलय बनीखेत के पास स्थित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत को कूड़ेदान तथा सफाई की सामाग्री प्रदान की गई। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रेणी के अंत में दिनांक 27.05.2025 को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में विभिन्न तरह के फल के वृक्ष का पौधा लगा कर की गई। इसके उपरांत श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा कार्यालय के कार्मिकों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के परिसर में विभिन्न फलों के पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण के उपरांत स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों तथा नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों को कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में पुरस्कृत भी किया गया।




चिकित्सा जांच व व्यक्तिगत स्वच्छता किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत 25 संविदा सफाई कर्मचारियों को डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) द्वारा समान्य चिकित्सा जांच की गई तथा सफाई कर्मियों को निशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गई। चिकित्सा जांच के उपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की उपस्थिती में संविदा सफाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता किटस भी प्रदान की । चिकित्सा जांच के दौरान सभी संविदा सफाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रेणी में दिनांक 24.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों के सहयोग से स्थानीय लोगों के बीच एकल उपयोग पॉलिथीन बैग की रोकथाम पर जागरूकता फैलाने हेतु बस स्टैंड, बनीखेत में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकल उपयोग पॉलिथीन बैग के उपयोग से हमारे दैनिक जीवन के साथ–साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में बनीखेत की स्थानीय जनता को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान स्थानीय लोगों के साथ साथ स्थानीय दूकानदारों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इस तरह के प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण के



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

अनुकूल जूट अथवा कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नुक्कड़ नाटक के अंत में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों तथा स्थानीय लोगों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग ना करने तथा अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक के मंचन के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारी, कर्मचारी, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के विद्यार्थी तथा शिक्षक मौजूद थे।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में दिनांक 26.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यलय बनीखेत के पास स्थित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत को कूड़ेदान तथा सफाई की सामग्री प्रदान की गई। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रेणी के अंत में दिनांक 27.05.2025 को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में विभिन्न तरह के फल के वृक्ष का पौधा लगा कर की गई। इसके उपरांत श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), डॉ॰ रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा कार्यालय के कार्मिकों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के परिसर में विभिन्न फलों के पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण के उपरांत स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों तथा नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत के बच्चों को कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में पुरस्कृत भी किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत को सीएसआर-एसडी योजना 2024-25 के तहत फर्नीचर प्रदान किया गया।



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, चंबा द्वारा स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास योजना (CSR&SD) 2024–25 के अंतर्गत दिनांक 24 मई 2025 को श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र तथा श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत की उपस्थिती में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) बनीखेत को फर्नीचर सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय ने कहा की एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत हमेशा से ही बनीखेत में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रयासरत रहता है तथा भविष्य में भी इस दिशा में एनएचपीसी का प्रयास जारी रहेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र ने एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा बनीखेत क्षेत्र के साथ समूचे चंबा जिले में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए एनएचपीसी लिमिटेड की प्रशंसा की और सामाजिक कल्याण के लिए एनएचपीसी द्वारा पूर्व में किए गए तथा वर्तमान में किए जा रहे कार्यों के लिए सराहना की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत की ओर से डॉ. कंवर विश्वदीपक, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बनीखेत को एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा दिए गए उक्त योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, चंबा द्वारा सीएसआर–एसडी के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बनीखेत को जल शुद्धिकरण प्रणाली, स्टील प्रतीक्षा बेंच, ऑफिस स्टील अलमारी, स्टील ओपन रैक, ऑफिस कुशन चेयर, पेशेंट व्हील चेयर, हीट पिलर, हाई बैक चेयर, ऑफिस स्टील टेबल, ऑफिस टेबल, मरीज जांच टेबल, लो बैक चेयर तथा पेशेंट स्टूल जैसे विभिन्न फर्नीचर सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र, श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री पवन कुमार, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सूचना व प्रोद्योगिकी) तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 21 जून 2025 को "Yoga for One Earth, One Health" की थीम के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) की उपस्थिति में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा 21 जून 2025 की सुबह 07:00 बजे से 08:15 बजे तक योग अनुदेशक की देखरेख में सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

कार्यालय बनीखेत ने विडियो संदेश के माध्यम से सभी कार्मिकों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ दी तथा सभी कार्मिकों को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि योग के नियमों का पालन और प्रतिदिन योगाभ्यास करके हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं तथा योग हमें तनावमुक्त रहने तथा विभिन्न रोगों से लड़ने में मदद करता है।

## सेवा-II पावर स्टेशन

### बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी




सेवा–II पावर स्टेशन में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पावर स्टेशन के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

समारोह के दौरान सभी कार्मिकों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों की स्थापना में डॉ. अंबेडकर की भूमिका को सराहा और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को और अधिक रोचक और प्रेरणादायक बनाने हेतु कर्मचारियों के परिजनों, विशेष रूप से बच्चों और स्पाउज़ के लिए वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे माहौल जीवंत और उत्साहपूर्ण रहा।

### स्वच्छता पखवाड़ा- 2025 का आयोजन किया गया

सेवा–II पावर स्टेशन, माश्का, जम्मू–कश्मीर में "स्वच्छता पखवाड़ा–2025" का आयोजन 16 से 31 मई 2025 तक प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। इस दो–सप्ताहीय अभियान की शुरुआत 16 मई को शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें पावर स्टेशन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता को अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक आचरण का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रतिज्ञा ली।

इस पखवाड़े के अंतर्गत 19 मई को कार्यालय परिसर के गलियारों, सीढ़ियों, डेस्क, अलमारियों, कैबिन, कक्ष आदि की सफाई अभियान चलाया गया। पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे नियमित अंतराल पर अपने कार्यस्थलों की सफाई सुनिश्चित करें, ताकि एक स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित कार्य परिवेश विकसित हो। साथ ही, उन्होंने यह भी आग्रह किया कि अनुपयोगी फाइलों व दस्तावेज़ों की पहचान कर



नियमानुसार उन्हें विनियमित किया जाए।

20 मई को सामाजिक सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेवा-II पावर स्टेशन के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. चिंतन द्वारा निकटवर्ती राजकीय मिडिल स्कूल, खड्डी में 'व्यक्तिगत स्वच्छता' विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। छात्रों को स्वच्छ जीवनशैली, दांतों की सफाई, हाथ धोने की विधि, साफ वस्त्रों का महत्व तथा स्नान की नियमितता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर छात्रों ने जिज्ञासापूर्वक प्रश्न पूछे जिनका वैज्ञानिक व सरल उत्तरों द्वारा समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के शौचालयों - विशेषतः बालिकाओं के उपयोग हेतु - की सफाई कर वहां स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की गईं।

21 और 22 मई को सामुदायिक क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने हेतु विशेष सफाई अभियान चलाए गए। इनमें स्थानीय पार्क, अस्पताल, बस स्टैंड, पूजा स्थल, सेवा विहार आवासीय कॉलोनी की नालियाँ, टंकियाँ, उद्यान आदि स्थान सम्मिलित थे। सफाई कर्मियों की सामान्य चिकित्सा जांच कर उन्हें



हाइजीन किट (मास्क, दस्ताने, सैनिटाइज़र, हैंडवॉश इत्यादि) वितरित किए गए। इस अभियान के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक सामाजिक दायित्व है।

विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु 23 मई को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बदाड़ी में "हाईजीन और सैनिटेशन" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 18 छात्रों ने भाग लिया और रंगों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। विजेताओं को पखवाड़े के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। श्री शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ नई पीढ़ी में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता निर्माण का सशक्त माध्यम बनती हैं।

पखवाड़े के अंतिम चरण में रिकॉर्ड प्रबंधन को व्यवस्थित करने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत पुरानी व अनुपयोगी फाइलों, दस्तावेज़ों, रजिस्टरों एवं इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर आइटम्स का नियमानुसार निपटान किया गया। कुल

239 फाइलों/अभिलेखों को निर्धारित रिकॉर्ड प्रतिधारण नीति के अनुसार व्यवस्थित रूप से हटाया गया, जिससे कार्यालयीन अव्यवस्था कम हुई और दस्तावेज़ प्रबंधन में पारदर्शिता व दक्षता आई। "स्वच्छता पखवाड़ा–2025" सेवा-॥ पावर स्टेशन के लिए मात्र एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक व्यापक जन–जागरूकता और सहभागिता अभियान बन गया। इसने कार्यस्थल, कॉलोनी, स्कूल व समुदाय के बीच स्वच्छता की चेतना को एकजुट कर, 'स्वच्छ भारत' की संकल्पना को और अधिक मजबूत किया।

# चमेरा पावर स्टेशन-I

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



एनएचपीसी के चमेरा पावर स्टेशन–I में दिनांक 14 अप्रैल 2025 (सोमवार) को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ॰ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री दीपक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), सहित स्टेशन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सभी उपस्थितजनों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ॰ अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और समावेशिता के सिद्धांतों को सम्मानपूर्वक याद करना और उन्हें अपने कार्य जीवन में आत्मसात करना रहा।

## 'स्वच्छता पखवाड़ा-2025' का आयोजन

चमेरा पावर स्टेशन–I, खैरी में दिनांक 16 मई से 31 मई 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा–2025' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री आदित्य गौतम द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस दौरान पावर स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर 'स्वच्छ भारत अभियान' के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बैनर लगाए गए। पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। दिनांक 17.05.2025 को कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत पावर स्टेशन के सभी विभागों द्वारा अपने कार्यस्थल की सफाई की गई। दिनांक 20.05.2025 को डॉ॰ महेश चंद्र, समूह वरि. उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेऊ में 'व्यक्तिगत स्वच्छता' पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने उपस्थित छात्रों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आस–पास के क्षेत्रों में साफ सफाई रखने, स्वच्छता के बारे में संवेदनशील बनने व जागरूक रहने का आह्वान किया। इस स्वच्छता सप्ताह के दौरान अलग अलग दिन विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की गई। दिनांक 21.05.2025 को पार्क, बस स्टैंड तथा बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई जिसमें पावर स्टेशन प्रमुख तथा चमेरा पावर




स्टेशन–I के सभी कार्मिकों ने भाग लिया। दिनांक 22.05.2025 को एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी परिसर की सफाई की गई तथा कचरे का निपटान किया गया। दिनांक 23.05.2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेऊ के छात्रों के लिए 'स्वच्छता और सफाई' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 26.05.2025 को एनएचपीसी अस्पताल में ठेकेदार द्वारा नियुक्त सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उनको व्यक्तिगत स्वच्छता किट भी वितरित की गई।

दिनांक 27.05.2025 को पुराने दस्तावेजों को छांटने और नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। दिनांक 28.05.2025 को स्थानीय लोगों में सिंगल यूज पॉलिथीन बैग के उपयोग की रोकथाम के प्रति सामन्य जागरूकता फैलाने हेतु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेऊ के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। दिनांक 28.05.2025 को स्थानीय पंचायत तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेऊ को डस्टबिन तथा सफाई सामग्री वितरित की गई। दिनांक 30.05.2025 को पावर प्रमुख महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। दिनांक 31.05.2025 को 'स्वच्छता पखवाड़ा–2025' का समापन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री आदित्य गौतम ने सभी को अपने जीवन में स्वच्छता अपनाने व आस–पास के लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेऊ में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।

## आपदा से निपटने की मॉक ड्रिल का आयोजन




चमेरा पावर स्टेशन–I, खैरी में 30 मई को एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य था कृ भूकंप और अचानक बाढ़ जैसी आपदाओं के समय लोगों को बचाव के तरीके सिखाना और सभी संबंधित एजेंसियों के बीच तैयारी और तालमेल की जांच करना। इस अभ्यास में एनडीआरएफ, सीआईएसएफ,

आईटीबीपी, डीडीएमए, हिमपेस्को, पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन ने सक्रिय भाग लिया। इस मौके पर पावर स्टेशन के प्रमुख श्री आदित्य गौतम, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने लोगों को बताया कि अगर अचानक भूकंप या बाढ़ आती है तो कैसे संयम और सावधानी से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। टीम ने जीवन रक्षक तकनीकें भी सिखाईं, जो आपातकाल में बेहद काम आ सकती हैं। ड्रिल के दौरान फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की पूरी व्यवस्था पर मौजूद रही, जिससे अभ्यास और भी वास्तविक अनुभव जैसा हो गया। इस अभ्यास के अंत में पावर स्टेशन प्रमुख श्री आदित्य गौतम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल्स न सिर्फ हमारी तैयारी की परीक्षा होती हैं, बल्कि ये हमें यह भी सिखाती हैं कि संकट के समय घबराने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना कितना ज़रूरी है। चमेरा पावर स्टेशन-I द्वारा किया गया यह प्रयास एक सराहनीय पहल थी, जिसने स्थानीय लोगों को आपदा के समय सतर्क और तैयार रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## निदेशक (वित्त) श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल का चमेरा पावर स्टेशन –I का दौरा




एनएचपीसी निदेशक (वित्त) श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल ने दिनांक 06.04.2025 को चमेरा पावर स्टेशन–I का दौरा किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री गोयल तथा श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मीनाक्षी भी मौजूद रही।

श्री आदित्य गौतम, पावर स्टेशन प्रमुख चमेरा पावर स्टेशन–I ने पावर स्टेशन में पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ़ द्वारा निदेशक (वित्त) महोदय को सलामी दी गई। निदेशक (वित्त) महोदय तथा श्रीमती गायत्री गोयल द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान निदेशक (वित्त) महोदय ने चमेरा–I बाँध तथा पावर हाऊस का दौरा किया और चमेरा पावर स्टेशन–I का राजभाषा निरीक्षण भी किया।

इस विशेष अवसर पर निदेशक (वित्त) महोदय के स्वागत में चमेरा पावर स्टेशन–I द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। पावर स्टेशन प्रमुख श्री आदित्य गौतम ने निदेशक (वित्त) महोदय और कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती गायत्री गोयल तथा श्रीमती मीनाक्षी को भी शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।


पावर स्टेशन प्रमुख ने निदेशक (वित्त) महोदय का चमेरा पावर स्टेशन–I में आने के लिए आभार व्यक्त किया। निदेशक (वित्त) महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि चमेरा पावर स्टेशन–I से उनका विशेष स्नेह है, उन्होने अपनी नौकरी की शुरुआत इस परियोजना से की थी। उन्होने कार्मिकों से कहा कि लगन और मेहनत से कार्य करने पर ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। चमेरा पावर स्टेशन–I पर एक वृतचित्र भी स्काड़ा हॉल में दिखाया गया। इस अवसर पर चमेरा पावर स्टेशन–I के सभी अधिकारीगण तथा सेवा–II पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा भी सपरिवार उपस्थित थे।

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II

## भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन

दिनांक 15 अप्रैल, 2025 को एनएचपीसी पार्वती परियोजना चरण-II के कार्यालय परिसर में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें ससम्मान श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल), श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), तथा श्री अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी दिन परियोजना परिसर में "भारतीय स्वतंत्रता संग्राम" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मास्टर स्वरित सरन (पुत्र श्री मनीष सरन), द्वितीय स्थान मास्टर विप्लव सिंह (पुत्र श्री दीपक कुमार सिंह) तथा तृतीय स्थान मास्टर जसप्रीत सिंह (पुत्र श्रीमती देवेन्द्र कौर) ने प्राप्त किया।



## स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का आयोजन

पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का आयोजन दिनांक 16 मई 2025 से 31 मई 2025 तक किया गया। स्वच्छता पखवाडे के दौरान परियोजना में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 16 मई 2025 को परियोजना के महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री साजन मोइद्दीन ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने और देश को साफ़–सुथरा रखकर भारत माता की सेवा करने का संकल्प लिया।

दिनांक 17 मई 2025 को एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, नगवाईं की छात्राओं को परियोजना

के डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर छात्रों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया। दिनांक 21 मई 2025 को पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के विभिन्न कार्यालयों में कार्यों केंद्रों/कैबिनों एवं कार्यालय परिसर की सफाई की गयी।

दिनांक 22 मई 2025 को पार्बती परियोजना नगवाई कार्यालय परिसर के आस–पास व बालू चौंक के साफ–सफाई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया। दिनांक 23 मई 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थरास में छात्रों के लिए स्वच्छता एवं सफाई पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 24 मई 2025 को पार्बती परियोजना के आवासीय परिसर नगवाई में साफ–सफाई की गई। इस कार्यक्रम में कार्मिकों एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया।

दिनांक 26 मई 2025 को पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के नगवाई परिसर के अस्पताल में संविदा कर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना के मेडिकल टीम ने नगवाई कार्यालय में कार्यरत सफाई/संविदा कार्मिकों के स्वास्थ्य की जाँच की तथा इस कार्यक्रम में कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता किट वितरित की गई। दिनांक 27 मई 2025 को पार्बती कार्यालय परिसर, नगवाई में कार्मिको द्वारा अपने अपने कार्यालयों की पुरानी व असंगत फाइलों को नष्ट किया गया।

दिनांक 28 मई 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थरास के छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के बारे में




पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का आयोजन दिनांक 16 मई 2025 से 31 मई 2025 तक किया गया। स्वच्छता पखवाडे के दौरान परियोजना में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 16 मई 2025 को परियोजना के महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री साजन मोइद्दीन ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने और देश को साफ़–सुथरा रखकर भारत माता की सेवा करने का संकल्प लिया।

दिनांक 17 मई 2025 को एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, नगवाई की छात्राओं को परियोजना के डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर छात्रों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया। दिनांक 21 मई 2025 को पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के विभिन्न कार्यालयों में कार्यों केंद्रों/कैबिनों एवं कार्यालय परिसर की सफाई की गयी।

दिनांक 22 मई 2025 को पार्बती परियोजना नगवाई कार्यालय परिसर के आस–पास व बालू चौंक के साफ–सफाई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया। दिनांक 23 मई 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थरास में छात्रों के लिए स्वच्छता एवं सफाई पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 24 मई 2025 को पार्बती परियोजना के आवासीय परिसर नगवाई में साफ–सफाई की गई। इस कार्यक्रम में कार्मिकों एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया।

दिनांक 26 मई 2025 को पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के नगवाई परिसर के अस्पताल में संविदा कर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना के मेडिकल टीम ने नगवाई कार्यालय में कार्यरत सफाई/संविदा कार्मिकों के स्वास्थ्य की जाँच की तथा इस कार्यक्रम में कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता किट वितरित की गई। दिनांक 27 मई 2025 को पार्बती कार्यालय परिसर, नगवाई में कार्मिको द्वारा अपने अपने कार्यालयों की पुरानी व असंगत फाइलों को नष्ट किया गया।

दिनांक 28 मई 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थरास के छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के बारे में जागरूकता का संदेश दिया। इसके माध्यम से स्वच्छता संदेश को बड़े ही रोचक अंदाज से प्रस्तुत किया गया। संदेश में यह बताया गया कि एकल उपयोग के पॉलिथीन बैग का कम से कम उपयोग करें इससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

दिनांक 30 मई, 2025 को कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने पार्बती कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में श्री रंजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उप महा प्रबंधक(वित्त) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 31 मई 2025 को एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण–II द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थरास को डस्टबिन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में परियोजना के उप महाप्रबंधक (मा.सं.), श्री अरविंद कौशिक, विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती छिम्मे दोलमा, श्री समीरु ठाकुर एवं अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–प्प द्वारा दिनांक 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण की वैश्विक विषयः "#Together We Can Beat Plastic Pollution." के अंतर्गत परियोजना की विभिन्न साइटों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। परियोजना प्रमुख, श्री रणजीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली तथा ऊर्जा संरक्षण पर ज़ोर देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत, परियोजना के विभिन्न स्थलों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पार्बती नगवाई कार्यालय परिसर में परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह, द्वारा पौधारोपण किया गया। श्री साजन मोईद्दीन, महाप्रबंधक(यांत्रिक), श्री पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल), श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक(सिविल), श्री आर.एस.रावत, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक(मा. सं.) और अन्य वरिष्ठ



अधिकारियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

हरित पहल को आगे बढ़ाते हुए, श्री राजीव अनुज शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल), श्री विजय कृष्ण, महाप्रबंधक (सिविल), श्री राहुल खन्ना, महाप्रबंधक (भू–विज्ञान) द्वारा परियोजना के बांध साइट, मणिकरण परिसर में पौधारोपण किया गया। श्री के. शाजी, महाप्रबंधक (विद्युत) प्रभारी–पावर हाउस, श्री प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री संतोष कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परियोजना के पावर हाउस साइट, सैंज में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती एंजेलो जया शीली डोमाथोती, वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण) ने इस वर्ष की वैश्विक थीम–"#Together We Can Beat Plastic Pollution" के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर कार्मिकों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कि पर्यावरणीय विषय पर केंद्रित थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में पर्यावरण के बारे में जागरूकता सृजित करना था।

## मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार का दौरा



मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण-II का दौरा किया। दिनांक 18.06.2025 को श्री रणजीत सिंह, परियोजना प्रमुख ने श्री संतोष कुमार को पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा शाल व कुल्लवी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें पार्बती चरण-II में चल रहे कार्यों तथा अन्य गतिविधियों के बारें में विस्तार से जानकारी दी।

दिनांक 19.06.2025 को मुख्य सतर्कता अधिकारी ने मणिकरण परिसर व बाँध स्थल, बरशेणी का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने मणिकरण परिसर में पौधारोपण भी किया। श्री राजीव अनुज शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल) ने मुख्य सतर्कता अधिकारी को बांध स्थल पर चल रहे कार्यों तथा अन्य गतिविधियों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। इसी दिन श्री संतोष कुमार ने पावर हाउस, सिउंड का दौरा कर निरीक्षण किया। श्री रणजीत सिंह ने उन्हें पावर हाउस में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर परियोजना के श्री के. शाजी, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) उपस्थित रहे।

दिनांक 20.06.2025 को मुख्य सतर्कता अधिकारी ने नगवाई कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री आयुष कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (आईटी) सतर्कता विभाग, निगम मुख्यालय व परियोजना के श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल), डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उप महाप्रबंधक (वित्त) एवं श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मा.सं.) उपस्थित रहें।

# टनकपुर पावर स्टेशन

## बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के कार्यक्रम का आयोजन



टनकपुर पावर स्टेशन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री ऋषि रंजन आर्य, पावर स्टेशन प्रमुख ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने कहा डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान को तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई, जो देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है। पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद के सहयोग से टनकपुर पावर स्टेशन के चिकिसालय परिसर, बनबसा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन श्री ऋषि रंजन आर्य, पावर स्टेशन प्रमुख के कर–कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 137 लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधित जाँच कराया। इनमें पावर स्टेशन में पदस्थ कार्मिकों उनके परिवार के सदस्यों, केन्द्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ में तैनात जवानों तथा स्थानीय लोग शामिल रहे। सीनीय नागरिकों ने पावर स्टेशन की ओर से लगाए गए इस शिविर को बहुत उपयोगी बताया तथा भविष्य मे इस प्रकार के शिविर के आयोजन पर बल दिया।

## डा. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, प्रमुख सचिव, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, आवास, नियोजन का टनकपुर भ्रमण



डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, प्रमुख सचिव महोदय, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, आवास एवं नियोजन ने दिनांक 24.04.2025 को टनकपुर पावर स्टेशन का दौरा किया। एनएचपीसी, टनकपुर पावर स्टेशन आगमन पर, टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री ऋषि रंजन आर्य जी ने प्रमुख सचिव महोदय का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। इसके साथ ही, प्रमुख सचिव महोदय का टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री ऋषि रंजन आर्य ने द्वारा पौंधा भेंटकर एवं अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत प्रमुख सचिव महोदय ने पावर स्टेशन प्रमुख, स्थानीय प्रशासन एवं निवेशकों के साथ एक औपचारिक बैठक की। यह बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

पावर स्टेशन के दौरे के अंत में, प्रमुख सचिव महोदय ने पावर स्टेशन प्रमुख श्री ऋषि रंजन आर्य से बातचीत करते हुए पावर स्टेशन द्वारा सीएसआर के तहत् किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। पावर स्टेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए एनएचपीसी की चहुमुखी प्रगति के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## चूका गाँव, जिला - चम्पावत में माता पूर्णागिरी मंदिर के यात्रियों के लिए यात्री भवन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ



श्री ऋषि रंजन आर्य, टनकपुर पावर स्टेशन प्रमुख ने दिनांक 22.04.2025 को, उत्तराखंड के चूका गॉव, टनकपुर, जिला–चम्पावत में माता पूर्णागिरी मंदिर के यात्रियों के लिए यात्री भवन निर्माण हेतु विधिपूर्वक पूजा अर्चना हुई तथा नींव में पाईल कंक्रीटिंग के कार्य का शुभारम्भ किया गया। यह कार्य कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत् किया जा रहा है। इस भवन के निर्माण पर 2.31 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत आएगी। इस अवसर पर एनएचपीसी के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन






@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के तहत दिनांक 16 से 31 मई 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 29 मई 2025 को इस अभियान के तहत माटीगाड़ा गोर्खा कल्याण संघ, सिलीगुड़ी में कूड़ेदान का वितरण किया गया। आस पास के क्षेत्र में कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था से संबंधित चर्चा की गई। इस अवसर पर एनएचपीसी अधिकारियों द्वारा नागरिकों से कूड़े को कूड़ेदान में ही फ़ेंकने की अपील की गई।

## रंगीत पावर स्टेशन

### निदेशक (तकनीकी) का रंगित पावर स्टेशन दौरा

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी ने 19 और 20 अप्रैल 2025 को रंगित पावर स्टेशन, सिक्किम का दौरा किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सोमा अधिकारी भी उपस्थित रहीं। पावर स्टेशन पहुंचने पर रंगित-IV जलविद्युत परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री



सुधीर कुमार यादव, पावर स्टेशन प्रमुख श्री श्रवण कुमार मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने क्लब महिंद्रा, बेइगुने–जोरथांग में उनका हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) ने पावर हाउस का दौरा कर साइट की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और स्टेशन के अधिकारियों के साथ बैठक भी की, जिसमें तकनीकी प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विचार–विमर्श हुआ।

20 अप्रैल को कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा जब आईआरबी (भारतीय रिजर्व बटालियन के जवानों द्वारा श्री सुप्रकाश अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। यह दृश्य न केवल सम्मानजनक था बल्कि प्रेरणादायक भी। दौरे के समापन पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी और भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं अर्पित कीं। यह दौरा स्टेशन के लिए गौरव का विषय रहा और कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

### स्वच्छता पखवाड़ा-2025 (16 से 31 मई) का आयोजन

निगम मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में रंगित पावर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 (16 से 31 मई 2025) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 की शुरुआत में, रंगित पावर स्टेशन के पावर स्टेशन प्रमुख श्री श्रवण कुमार मिश्रा(महाप्रबंधक) महोदय ने दिनांक 16.05.2025 को कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों और R&M स्टाफ ने



मिलकर स्वच्छता की शपथ ली, जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं स्वच्छता का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री श्रवण कुमार मिश्रा, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा किया गया तथा उन्होंने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बनाने पर बल दिया। दिनांक 16.05.2025 को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का आयोजन बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। इस अवसर पर रंगित पावर स्टेशन के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर बैनर और होर्डिंग लगाए गए, जिनके माध्यम से कर्मचारियों व आमजनों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों व आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना, खुले में शौच से मुक्ति को बनाए रखना, प्लास्टिक उपयोग में कटौती तथा कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाना, बैनर और होर्डिंग्स पर स्वच्छता से जुड़े प्रेरणादायक नारे, संदेश एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत दिनांक 19.05.2025 को रंगित पावर स्टेशन के सभी कार्यस्थलों, कैबिन तथा कमरों की सफाई हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी विभागों के कार्मिकों ने अपने अपने कार्यस्थलों/केबिन व कमरों की सफाई की तथा उन्हें स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## क्षेत्रीय कार्यालय इटानगर

### स्वच्छता पखवाडा-2025 अभियान कार्यक्रम का आयोजन



स्वच्छता पखवाड़ा–2025 अभियान के अंतर्गत दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना में 16 मई से 31 मई 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के शुभारम्भ के दौरान कार्यपालक निदेशक



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

(मा. सं.) महोदय द्वारा परियोजना के प्रशासनिक परिसर में अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। स्वच्छता पखवाड़ा–2025 अभियान के अंतर्गत दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना के परियोजना स्थल स्थित कार्यालय परिसर के पंजाबी कैंप में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री एल. के. त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक, डीएमपीपी महोदय द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के दौरान परियोजना कार्मिकों द्वारा कार्यालय में वर्क स्टेशन/केबिन इत्यादि की स्वच्छता की गई। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान परियोजना चिकित्साधिकारी द्वारा स्थानीय विद्यालय "नानी मरिया" के विद्यार्थियों को स्वच्छता पर व्याख्यान दिया गया तथा इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता किट प्रदान किये गए। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान कार्मिकों द्वारा परियोजना परिसर के समीप में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान स्थानीय विद्यालय "नानी मारिया" के विद्यार्थियों हेतु स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विद्यालय में स्वच्छता के रख–रखाव हेतु कूड़ेदान का वितरण किया गया।

पखवाड़े के दौरान परियोजना में कार्यरत संविदा स्वच्छता कार्मिकों का परियोजना चिकित्साधिकारी द्वारा जनरल मेडिकल चेकअप किया गया तथा स्वच्छता कार्मिकों के मध्य पर्सनल हाइजीन किट का वितरण किया गया। पखवाड़े के दौरान परियोजना द्वारा स्थानीय नागरिकों के मध्य रोइंग में स्वच्छता को बनाए रखने के उद्देश्य से कॉटन बैग्स का वितरण किया गया। इस सार्थक पहल ने स्थानीय जन समुदाय में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढानें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

## निदेशक (कार्मिक) का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा



एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने दिनांक 22 और 23 अप्रैल 2025 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। परियोजना में आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा भेंट कर निदेशक (कार्मिक) महोदय का स्वागत किया। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों तथा–बांध, पावर हाउस, कंट्रोल रूम के साथ–साथ विद्युत यांत्रिक के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

यात्रा के दौरान, निदेशक (कार्मिक) ने सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के कनिष्ठ अधिकारियों (E5 तक) के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र किया और अधिकारियों के मुद्दों और शिकायतों को सुना। इसी क्रम में निदेशक (कार्मिक) ने परियोजना में कार्यरत "मरम्मत और रखरखाव कर्मी संघ" के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक भी किया और उनके मुद्दों और शिकायतों को सुना।

इस दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्मिकों को और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने की अपील की गई जिससे परियोजना का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जा सके।

## मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा



मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश, श्री मनीष गुप्ता ने दिनांक 07–08 जून 2025 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। उनके साथ पी सी सी एफ श्री पी सुब्रमणीयम, आयुक्त श्री विवेक पांडे तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी परियोजना में पधारे। कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का पारंपरिक शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव महोदय ने परियोजना स्थल का दौरा किया तथा जारी निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्य सचिव महोदय एवं अरुणाचल प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव महोदय ने परियोजना में किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रशंसा करते हुए परियोजना की पूरी टीम को बधाई दी तथा सभी से परियोजना को तय समय पर चालू करने के निर्देश दिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के तहत जागरूकता रैली और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में दिनांक 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उत्साह और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य पर्यावरण जागरूकता रैली (वॉकथॉन) का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत परियोजना प्रमुख एवं कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बहिष्कार की शपथ के साथ की गई।




रैली परियोजना के आवासीय परिसर से शुरू होकर पर्यावरण संदेश के साथ आगे बढ़ी और अंततः एक वृक्षारोपण कार्यक्रम में परिवर्तित हो गई। इस अवसर को और भी विशेष बनाने के लिए एनएचपीसी की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्री एम. जी. गोखले (सदस्य, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण), श्री दीपक सैगल (सलाहकार, एनएचपीसी लिमिटेड एवं पूर्व कार्यपालक निदेशक, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सपोर्ट ग्रुप) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

परियोजना परिसर को "प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं" थीम पर आधारित बैनरों से सजाया गया, जिनका उद्देश्य आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इससे पूर्व, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना लेडीज़ क्लब द्वारा महिलाओं के लिए एक जागरूकता सत्र और



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती आरती प्रसाद ने की। बच्चों के लिए भी चित्रकला और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया।

विश्व पर्यावरण दिवस के इस आयोजन ने न केवल जानकारी दी, बल्कि सहभागी भावना के माध्यम से सभी को प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा भी दी। सुबनसिरी परियोजना में यह दिन पर्यावरण के प्रति संकल्प और जागरूकता के रूप में यादगार बन गया।

## अरूणाचल प्रदेश में विभिन्न सीपीएसयू को आवंटित 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए तवांग में 8वीं संचालन समिति की बैठक




अरूणाचल प्रदेश में एनएचपीसी लिमिटेड, नीपको लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड और टीएचडीसी लिमिटेड जैसे विभिन्न सीपीएसयू को आवंटित 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए तवांग में 8वीं संचालन समिति की बैठक 10 अप्रैल, 2025 को डीसी सम्मेलन भवन, तवांग में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने की, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चौना मीन और एनएचपीसी लिमिटेड और एसजेवीएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री राज कुमार चौधरी और अन्य सीपीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक अरुणाचल प्रदेश राज्य में विभिन्न सीपीएसयू को आवंटित 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति का गंभीर विश्लेषण करने और उनके सामने आने वाले किसी भी प्रमुख मुद्दे को हल करने के लिए आयोजित की गई थी। आवंटित परियोजनाओं के चल रहे सर्वेक्षण और जांच के संबंध में राज्य सरकार और संबंधित सीपीएसयू के बीच विस्तृत चर्चा हुई। राज्य सरकार ने दो जलविद्युत परियोजनाओं अर्थात् सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना और कमला जलविद्युत परियोजना के विकास को तेजी से ट्रैक करने में एनएचपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को सुबनसिरी बेसिन में अधिक परियोजनाएं आवंटित करने की अपनी इच्छा पर भी जोर दिया।

इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश सरकार और एनएचपीसी लिमिटेड के बीच जलविद्युत विकास विभाग, अरुणाचल प्रदेश के तकनीकी और

गैर–तकनीकी कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के अनुसार, एनएचपीसी परियोजना स्थलों और एनएचपीसी के विभिन्न तकनीकी विभागों में उपयुक्त इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

बैठक में एनएचपीसी लिमिटेड के उच्च अधिकारीगण उपस्थित थे, जिनमें श्री रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडीएंडसी), श्री रजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (गुणवत्ता आश्वासन), कॉर्पोरेट कार्यालय, श्री बी.डी. मोहराणा, महाप्रबंधक (विद्युत), क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा राज्य सरकार के अधिकारीगण और अन्य सीपीएसयू के प्रमुख शामिल थे।

माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने उपरोक्त परियोजनाओं के शीघ्र शुरू होने के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव समर्थन और सहयोग का आश्वासन देते हुए बैठक का समापन किया, क्योंकि किसी भी देरी से राज्य के खजाने के साथ–साथ पूरे राष्ट्र को भारी नुकसान होगा।

## संपर्क कार्यालय, लखनऊ

### स्वछता पखवाड़ा-2025 का आयोजन



संपर्क कार्यालय, लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लखनऊ में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 का आयोजन दिनांक 16 से 31 मई 2025 तक किया गया। संपर्क कार्यालय मे प्रथम दिन, स्वच्छ पखवाड़ा के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस प्रकार से लोगों को जागरूक करने हेतु बैनर और होर्डिंग लगाए गए और श्री अनिल कुमार ,समूह महाप्रबंधक / परियोजना प्रमुख, संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के द्वारा सभी अधिकारीयों, कर्मचारीयों, संविदा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय ने समस्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं स्वच्छता पखवाड़े को ध्यान में रखते हुए सभी कार्मिको से सप्ताह में 2 घंटे श्रम दान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने का प्रण करने की अपील की। सभी ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने और देश को साफ–सुथरा रखकर भारत माता की सेवा करने का संकल्प लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के आयोजनों की अगली कड़ी में, स्वच्छता पखवाड़ा – 2025 (16 मई 2025 से 31 मई 2025 तक) के अंतर्गत संपर्क कार्यालय, लखनऊ में सभी संविदा कर्मचारियों के साथ–साथ उनके परिवार के सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए सूचीबद्ध अस्पताल मैक्स हॉस्पिटल ,लखनऊ के सहयोग से एक निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें सभी संविदा कर्मचारियों के साथ–साथ उनके परिवार के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए ट्रांसिट कैंप तथा फील्ड हॉस्टल परिसर और संपर्क कार्यालय, लखनऊ परिसर तथा उनके आसपास के क्षेत्रों मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सभी अधिकारीयों, कर्मचारीयों, संविदा कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को पौधा वितरण किया गया एवं उनको पौधा रोपण करने के लिए प्रेरित किया गया ।


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | | **अप्रैल 2025** |
| अशोक कुमार | उप महाप्रबंधक (अनुसंधान) | रंगित-IV एनएचपीसी |
| राजू | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | पार्वती-II एनएचपीसी |
| पूजा मनहास | उप प्रबंधक (प्रशासन) | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| भरत सिंह जयल | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | एलओ हल्द्वानी |
| रविंदर सिंह | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | सीवीपीपीएल–क्वार, एनएचपीसी |
| कुंडू राम | मशीनिस्ट ग्रेड-II | सेवा-II पावर स्टेशन |
| रोशन लाल ठाकर | बेल्डर स्पेशल ग्रेड-II | सीवीपीपीएल–पाकल्दुल, एनएचपीसी |
| पवन सिंह | वेल्डर ग्रेड-II | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| भग देई | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | बैरा स्यूल पावर स्टेशन |
| सुरजीत सिंह | सिक्योरिटी गार्ड स्पेशल ग्रेड | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| महेंद्र राम | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | संपर्क कार्यालय, कोलकाता |
| लाम्बो देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | क्षेत्रीय कार्यालय, बानीखेत |
| पूरन चंद | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| तारा चंद | बेल्डर स्पेशल ग्रेड | डीआईआर (टेक्निकल) एसईसीटी |
| हंस राज | बेल्डर स्पेशल ग्रेड | सलाल पावर स्टेशन |
| शेर सिंह | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | चमेरा–पावर स्टेशन-I |
| बबिता कैला, | सीनियर पीआरटी ग्रेड स्पेशल | प्रोजेक्ट अनुसंधान डिवीजन |
| एन. के. निराला | ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-III | तीस्ता-V पावर स्टेशन |
| गिरधारी लाल | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-III | सलाल पावर स्टेशन |
| सरूप चंद, | सुपरवाइजर (क्लीनर) ग्रेड-III | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| फैयाज अहमद बदीयारी | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-II | किशनगंगा पावर स्टेशन |
| रतन कुमार | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| कुलवंत सिंह | ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-I | चमेरा–पप पावर स्टेशन |
| अख्तर हुसैन | सुपरवाइजर (वर्क असिस्टेंट) ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| संजय कुमार शर्मा | सुपरवाइजर (स्टोर कीपिंग) ग्रेड-I | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| बशीर अहमद वानी | सुपरवाइजर (एचईएम ऑपरेटर) ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |

| | | |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | | **मई 2025** |
| संतोष कुमार | कार्यपालक निदेशक | क्षेत्रीय कार्यालय, बानीखेत |
| प्रभु कुमार रावत | कार्यपालक निदेशक | कॉन्ट्रैक्ट (ई एंड एम) |
| बिहारी लाल असवाल | समूह महाप्रबंधक (सिविल) | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| ए शनमुगम | महाप्रबंधक (सिविल) | पार्वती.पपप पावर स्टेशन |
| शरद लक्ष्मण उकेय | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | सीवीपीपीएल–किरू एचईपी |
| अजय कुमार | सीनियर सुपरवाइजर (हॉस्पिटल) ग्रेड-II | सेवा-II पावर स्टेशन |
| दिनेश कुमार | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | सेवा-II पावर स्टेशन |
| फरीद हुसैन किचलू | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | सीवीपीपीएल–पाकल्दुल एचईपी |
| हरक सिंह | सीनियर सुपरवाइजर (सिविल) ग्रेड-II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| रविंदर कुमार | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| गोपाल सिंह रावत | सीनियर सुपरवाइजर (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-I | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| जीएच नबी शेख | हेल्पर स्पेशल ग्रेड. | उरी-I पावर स्टेशन |
| खुर्शीद अहमद | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| कुलदीप राज | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | सलाल पावर स्टेशन |
| शिव कुमार | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-III | सेवा-II पावर स्टेशन |
| राजिंदर कुमार | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| खेम बहादुर | सुपरवाइजर (रसोइया) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| पवन कुमार | सुपरवाइजर (मैकेनिक) ग्रेड-II | पार्वती-II एचईपी |
| मोहम्मद वसीम | सुपरवाइजर (क्रेन ऑपरेटर) ग्रेड-I | टनकपुर पावर स्टेशन |
| रानो शर्मा | ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-I | सीईपीएम |
| जावेद अहमद | सुपरवाइजर (वर्क असिस्टेंट) ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | | जून 2025 |
| राज कुमार चौधरी | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | सीएमडी, एनएचपीसी |
| निर्मल सिंह | कार्यपालक निदेशक | क्षेत्रीय कार्यालय,चंडीगढ़ |
| धर्मेंद्र कुमार जैन | समूह महाप्रबंधक (सिविल) | प्रोजेक्ट इंवेस्ट. डिव. |
| हरीश चंद्र जोशी | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | प्लानिंग |
| सत्य नारायण पाधी | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी) | सेवा-II पावर स्टेशन |
| एलएस धामी | सीनियर सुपरवाइजर (सिविल) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| जसवंत सिंह | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | बैरा स्यूल पावर स्टेशन |
| शेखर चंद्र जोशी | सीनियर ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| असद उल्लाह खान | मशीनिस्ट ग्रेड-I | उरी-I पावर स्टेशन |
| अशोक कुमार | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| अशोक कुमार | सिक्योरिटी गार्ड स्पेशल ग्रेड | सेवा-II पावर स्टेशन |
| भावना देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | बैरा स्यूल पावर स्टेशन |
| ओसेंग पर्टिन | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | सियांग लोअर एचईपी |
| रणजीत सिंह | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-III | सवालकोट एचईपी |
| अनिल कुमार | ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | ओ एंड एम |
| कुंती मेहता | सुपरवाइजर (एएनएम) ग्रेड-II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| कीर्ति बल्लभ जोशी | ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड-II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| सत पॉल | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| सीकेएस भंडारी | सुपरवाइजर (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| चिंता मणि पांडे | सुपरवाइजर (स्विच बोर्ड तकनीशियन) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| रतन चंद | सुपरवाइजर (बढ़ई) ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय , बानीखेत |
| चमन लाल | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-I | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| शंभू राय | सुपरवाइजर (ड्राइवर) ग्रेड-I | तीस्ता-V पावर स्टेशन |



2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564 वेबसाइट : www.nhpcindia.com

Follow NHPC at :

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited